No. of Printed Pages : **4**

बी.एस.के.एफ.-001

00322

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2013

बी.एस.के.एफ.- 001

समय : 2 घण्टे — *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. (a) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए : **2**

पंच, मन, तत्व, तेज

(b) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से **किसी एक** को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **2**

(i) सः सदा __________ चिन्तयति।

(मने, मनसि)

(ii) बालकः __________ पुस्तकं याचते।

(नृपं, नृपेण)

(iii) मठाधीशस्य __________ स्पृशन्ति।

(चरणौ, चरणं)

(iv) अत्र त्वं कथं __________ ?

(स्थासि, तिष्ठसि)

2. (a) निम्नलिखित शब्दों के **निर्दिष्ट रूप** लिखिए : 2

(i) पति (पुंल्लिंग) – द्वितीया विभक्ति, बहुवचन।

(ii) गुरु (पुंल्लिंग) – पञ्चमी विभक्ति, एकवचन।

(iii) रमा (स्त्रीलिंग) – सप्तमी विभक्ति, द्विवचन।

(iv) मधु (नपुंसकलिंग) – षष्ठी विभक्ति, एकवचन।

(b) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** धातुरूपों में धातु, लकार, पुरुष एवं वचन का निर्देश कीजिए : 2

गच्छतः, अतिष्ठाव, याचिष्ये, अवपाम।

3. निम्नलिखित पदों में **धातु** एवं **प्रत्यय** को अलग करके दिखलाइए : 4

पठन्, वन्दमानः, जीवितम्, कार्यम्।

4. कर्तृ-वाच्य के निम्नलिखित प्रयोगों को **कर्म-वाच्य** में प्रयोग कीजिए : 4

(a) सः पाठं पठति।

(b) रामः ग्रामं गच्छति।

(c) गृहिणी तण्डुलम् आनयति।

(d) अहं गीतं शृणोमि

5. (a) निम्नलिखित पदों में **सन्धि-विच्छेद** कीजिए : 2

हिमालयः, देवेन्द्रः, कर्त्रर्थम्, रामोऽवदत्

(b) निम्नलिखित वर्णों का उच्चारण-स्थान बताइए : 2

ह, ऋ, ऐ, व।

6. निम्नलिखित में से **दो** विषयों पर **100 – 150** शब्दों में आलेख लिखिए : 8

(a) 'कुमारसम्भव' महाकाव्य का परिचय।

(b) महाकवि बाणभट्टः संस्कृत के श्रेष्ठ गद्यकार।

(c) 'प्रतिमानाटकम्' का संक्षिप्त कथासार।

(d) 'हितोपदेश' के 'मित्रलाभ' परिच्छेद में वर्णित नीतिकथा।

7. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : 8

(a) भारतीय-संस्कृतेः महत्त्वम्।

(b) विद्या ददाति विनयम्।

(c) अहिंसा परमो धर्मः।

(d) दूरदर्शनस्य महत्त्वम्।

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़िये और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

दानं भोगो नाशस्तिस्रो गतयो भवन्ति वित्तस्य।
यो न ददाति न भुङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति।।

(a) धन की कितनी अवस्थाएँ होती हैं?

(b) दान क्या है?

(c) भोग क्या है?

(d) धन की तीसरी गति अर्थात् नाश कब होती है?

9. निम्नलिखित में से **किसी एक** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 4

(a) दिवं यदि प्रार्थयसे वृथा श्रम, पितुः प्रदेशास्तव देवभूमयः।
अथोपयन्तारमलं समाधिना, न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्।।

(b) ईर्ष्यी घृणी त्वसंतुष्टः क्रोधनो नित्यशङ्कितः।
परभाग्योपयोजीवी च षडेते दुःखभागिनः।।

(c) तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि।

10. "शुभस्य शीघ्रम्" का पल्लवन कीजिए। 6

अथवा

समाचार का सम्पादन करने से पूर्व किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?